**कार्यालय अध्यक्ष–एवं–उप मण्डल दण्डाधिकारी, नलवाड एवं देवता मेला समिति, धर्मपुर, जिला मण्डी, हि0प्र0**

क्रमांकः उ0म0अ0(ना0) धर्मपुर / मेला / 2025–2322-27 दिनांक 27 मार्च, 2025

**"निविदा सूचना"**

नलवाड एवं देवता मेला–2025 जो दिनांक 04 अप्रैल, 2025 से 09 अप्रैल, 2025 तक मनाया जा रहा है उपरोक्त मेले के दौरान **फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी हेतु** निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं जो दिनांक **29.03.2025 को बाद दोपहर 03:00 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे मे प्राप्त हो जानी चाहिए तथा प्राप्त निविदाएं उसी दिन प्रातः 3:15 बजे गठित कमेटी द्वारा निविदादाताओं के समक्ष या अनुपस्थिति में खोली जाएगी तथा जिस निविदादाता का मुल्य सबसे न्यूनतम होगा उसे आपूर्ति आदेश जारी किया जाएगा और उसे बोली की राशि उसी समय जमा करवानी होगी। टैंडर फार्म मु0 500 / –(Non Refundable) के भुगतान पर इस कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

**नियम व शर्ते**

1. निविदा में निविदा की दरें समस्त कर सहित दर्शाएं।
2. निविदादाताओं को निविदा के साथ धरोहर राशि मु0 10,000 / –(दस हजार रूपये) बैंक ड्राफट द्वारा जमा करवानी होगी। बैंक ड्राफट अध्यक्ष ( एस0डी0एम0) नलवाड़ एवं देवता मेला कमेटी के नाम देय होना चाहिए।
3. फोटोग्राफी हेतु सफल निविदादाताओं को सुनिन्दा फोटो की आवश्यकता अनुसार शीटें (ईंण्डिको)मैट पेपर में तैयार करनी होगीव इसकी एलबम भी तैयार करके देनी होगी। सुबह से लेकर देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विडियो कवरेज करनी होगी। अतिरिक्त शीट के लिए प्रति शीट निविदा दी जानी अनिवार्य है।
4. सफल निविदाता को एलबम तैयार करने से पहले फोटो की डी0वी0डी0 तैयार करनी होगी व अधोहस्ताक्षरी द्वारा उसमें से चुने गए फोटो की एलबम आवश्यकतानुसार तैयार करनी होगी।
5. एलबम का साईज **12"x18"** होगा।
6. एलबम का कवर वाईंडिग में तैयार करना होगा, जिसके लिए अलग से कोई राशि देय नहीं होगी।
7. निविदादाता चाहे तो गत वर्ष तैयार की गई एलबम का नमूना इस कार्यालय में देख सकते हैं।
8. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा को अस्वीकार या निविदा की तिथि व समय में बदलाव करने का पूर्ण अधिकार होगा।

सहायक आयुक्त (राजस्व) एवं तहसीलदार सन्धोल,
जिला मण्डी, हि0प्र0।

पृ0संख्या –उपरोक्त / 2025– 2322-27 दिनांक 27/03/2025

प्रतिलिपि निम्न को प्रेषित हैः–

1. सहायक आयुक्त (राजस्व)–एवं–तहसीलदार सन्धोल, तहसीलदार धर्मपुर तथा अधीक्षक, कार्यालय उप मण्डलाधिकारी (ना0) धर्मपुर को भेजकर अनुरोध है कि दिनांक 29.03.2025 को इस कार्यालय में उपरोक्त निविदा खोलने के लिए उपस्थित रहें।
2. इस कार्यालय, तहसील कार्यालय धर्मपुर, सन्धोल, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय धर्मपुर व उप तहसील कार्यालय टिहरा व मण्डप के सूचनापट्ट पर व्यापक प्रचार एवं प्रसार हेतु प्रेषित है।
3. सहायक लोक सम्पर्क अधिकारी, कार्यालय सरकाघाट को भेजकर अनुरोध है कि नीलामी सूचना से सम्बन्धित समाचार, समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने की कृपा करें।
4. श्री अखिल गुप्ता JOA (IT) के लिए इस निविदा पत्र को मेला बैबसाईट www.dharampurmela.com पर upload करने हेतु प्रेषित है।

सहायक आयुक्त (राजस्व) एवं तहसीलदार सन्धोल,
जिला मण्डी, हि0प्र0।